# एसआईआर में बेहतर कार्य करने पर मिला सम्मान

## चार बीएलओ, चार सहायक और चार सुपरवाइजर सम्मानित



**बेगमगंज, 22 नवंबर. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र 143 में एसआईआर में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगे 277 बीएलओ में से जिन्होंने अब तक गणना फार्म वितरण एवं फॉर्म डिजिटाइजेशन में श्रेष्ठ कार्य करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया है, उन्हें सम्मनित किया गया.**

शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सौरभ मिश्रा एवं तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमोद उइके एवं सहायक कलेक्टर व प्रभारी सीईओ कुलदीप पटेल एवं विधानसभा वालेंटियर हेड अशोक शर्मा के द्वारा टॉप फाइव बीएलओ बाबूलाल लोधी, सहायक संजय दुबे बरखुआ एवं सुपरवाइजर गनपत सिंह 98.80 प्रतिशत, राजासिंह राजपूत, सहायक लक्ष्मी विश्वकर्मा, सुपरवाइजर विन्देश कुमार बड़ोनिया सिहोरा जागीर 96.32, अशोक कुमार शुक्ला, सहायक विनोद मेहरा, सुपरवाइजर नरेन्द्र कुमार लोधी 94.23 बम्होरी वर्धा, प्रकाश बलैया, सहायक सुरेन्द्र सिंह चढ़ार एवं सुपरवाइजर प्रमोद जैन 90.55 प्रतिशत झिरिया ता. चौका को अच्छा लक्ष्य हासिल किए जाने पर टॉप फाइव बीएलओ एवं उनके सहायकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मिश्रा ने बीएलओ एवं सहायकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गाइड किया कि उन्हें 30 तारीख तक हर हाल में अपना लक्ष्य हासिल करना है ताकि दावे-आपत्ति के समय आपको ज्यादा दिक्कत ना हो. उस समय सभी का काम नगण्य रहे तो बेहतर रहेगा. ऐसा काम कीजिए कि आप जिला स्तर पर भी सम्मानित हो सके.

### भाजपा कार्यकर्ता एसआईआर कार्य में मदद करें : रामपाल

भाजपा कार्यालय में पूर्वमंत्री रामपाल सिंह ने शनिवार को सभी कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक लेकर आह्वान किया कि मतदाताओं की नामवली निर्वाचक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को जुट जाना चाहिए, ताकि अपना कोई भी मतदाता वंचित ना रह जाए. बीएलओ द्वारा जो फार्म दिए जा रहे हैं उन्हें सावधानी से भरकर एक फार्म जमा करके एक पर पावती लेना है. एक भी मतदाता को परेशानी ना आए इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ लगकर काम करना है. विशेषतौर पर ग्रामीण अंचल के सभी बूथों पर काम करना है. उन्होंने बूथों पर तैनात किए गए कार्यकर्ताओं से एक-एक कर एसआईआर में काम की प्रगति को लेकर समीक्षा की, किसकी पोलिंग बूथ पर कितना काम हो गया और शेष काम को कैसे तेजी से 30 तारीख तक निपटाना है.

### एसआईआर के लिए जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर

रायसेन, 22 नवंबर. जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शिकायत एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज उपाध्याय के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर स्थापित किया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 1950 है. निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर का प्रभारी नोडल अधिकारी आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक चन्द्रप्रकाश सोनी को नियुक्त किया गया है. साथ ही सहयोग हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से कार्य समापन तक लगाई गई है. जारी आदेश के तहत जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर में प्रात: 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक आरके श्रीवास्तव श्रम निरीक्षक रायसेन, राकेश खन्डारे सहायक ग्रेड-3 जिला कोषालय तथा कमल जाटव कार्यालय जिला अत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित रायसेन की ड्यूटी लगाई गई है. इसी प्रकार दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजकुमार साहू एपीसी सर्व शिक्षा अभियान रायसेन, कृपाशंकर शर्मा वनरक्षक कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमण्डल रायसेन तथा शिवप्रसाद विश्वकर्मा नगर पालिका रायसेन की ड्यूटी लगाई गई है. जिला स्तरीय कॉन्टेक्ट सेन्टर में रात्रि 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक मिश्वाह एजाज उल निजामी सिटी मैनेजर शहरी विकास अभिकरण रायसेन, अर्जित श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-3 नगर पालिका रायसेन तथा देवी सिंह मोगिया सीएस कार्यालय रायसेन की ड्यूटी लगाई गई है.



# 10 दिनी सांसद खेल महोत्सव शुरू

## क्रिकेट की 50 और कबड्डी की 17 टीमें होंगी शामिल

**बेगमगंज, 22 नवंबर. 10 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में बेगमगंज नगर व ग्रामीण मण्डल एवं सुल्तानगंज मण्डल के अंतर्गत क्रिकेट में 50 एवं कबड्डी में 17 टीमें भाग लें रही है.**

शनिवार को समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह द्वारा बेगमगंज में शासकीय डीडी महाविद्यालय खेल मैदान पर एवं सुल्तानगंज में लाल परेड मैदान पर ग्रामीण अंचल की क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर नपाध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष जगदीश लोधी, नगर मण्डल अध्यक्ष अजय जाट, जिला सदस्य कमल साहू, भाजपा जिला मंत्री गायत्री नगरिया, भाजपा महिला मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष राजकुमारी शाक्या, सिलवानी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजय शुक्ला, खेल समन्वयक सुभाष रैकवार एवं पार्षदगणों में अजय अज्जू जैन, राजीव दुबे, बृजेश लोधी, प्रवीण जैन, रवि राज, गुलाब रजक, महेश साहू, लोकराज सिंह एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर, भगवान सिंह लोधी, संतोष राय, बसंत शर्मा, डॉ. रवि शर्मा, राकेश भार्गव, जिला मीडिया प्रभारी हरि साहू, नगर मीडिया प्रभारी गोविंद गोलू कुंडरिया, मुकेश पाटकर, राजेंद्र सिंह फौजी, संतोष घोषी इत्यादि एवं सुल्तानगंज में नत्थूसिंह बड़े भैया, देशराज सिंह तोमर, सुल्तानगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिराम यादव सहित भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं एवं खेलप्रेमियों के साथ मुख्य अतिथि रामपाल सिंह ने क्रिकेट एवं कबड्डी मैच का शुभारंभ किया.

### क्रिकेट में खजूरिया बरामद गढ़ी टीम विजेता

ग्राम पंचायत खजूरिया बरामद गढ़ी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी ली, वही ग्राम पंचायत सुमेर के खिलाड़ियों द्वारा गेंदबाजी की गई. अंत में खजूरिया बरामद गढ़ी की टीम विजेता रही. वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में नगर मण्डल एवं ग्रामीण मण्डल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें नगर मण्डल की टीम विजेता रही. कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया 20 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें तीनों मंडलों की क्रिकेट में 50 एवं कबड्डी की 17 टीमें भाग लेंगी. विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा. इस महत्वपूर्ण खेल महोत्सव से ग्रामीण अंचल से अच्छी खेल प्रतिभाएं निकलकर आ रही है. जो राज्य एवं नेशनल लेबिल पर जाकर अपने हुनर का जौहर दिखाकर देश एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेंगी. जो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक भी पहुंचेंगी.

# 6 साल की साल की मासूम से रेप, आरोपी फरार

**रायसेन, 22 नवंबर. जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम को एक 23 साल के युवक ने हैवानियत का शिकार बनाया. आरोपी युवक का नाम सलमान बताया जा रहा वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. सलमान ने बच्ची को बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया.**

घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे की है. आरोपी सलमान घर के बाहर खेल रही बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ जंगल की ओर ले गया था. दुष्कर्म के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. जब बच्ची के परिजनों ने खोजबीन की तो जंगल में बच्ची रोते हुए मिली. घटना के बाद परिजन बच्ची को औबेदुल्लागंज अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां दुष्कर्म की बात सामने आई. इसके बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए. आरोप है कि अस्पताल में एक घंटे तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई, जिससे परिजनों को काफी इंतजार करना पड़ा. बाद में परिजन निजी वाहन से बच्ची को भोपाल एम्स ले गए.

### बीएमओ और डॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी

मामले का पता चलते ही हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है. वे आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि आरोपी को यदि जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो, आंदोलन करेंगे. उन्होंने बीएमओ डॉ. अमृता जीवने को निलंबित करने की मांग की. उनका आरोप है कि डॉ. जीवने मुख्यालय पर नहीं रहतीं और भोपाल से अप-डाउन करती हैं. रेप पीड़िता मासूम को इलाज के लिए औबेदुल्लागंज शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया है. 108 की सुविधा नहीं मिलने से हिंदू संगठन ने बीएमओ और डॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी भी की है. पुलिस ने आरोपी सलमान खान के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है. कई थानों की पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है. उस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया है.



# सांसद खेल महोत्सव में हुई रस्सी खींच, खो-खो स्पर्धा

**बाड़ी, 22 नवंबर.** साई ज्ञान मंदिर में विगत दिवस सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें रस्सी खींच और खो-खो प्रतियोगिता हुई. आयोजन के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. इस आयोजन में नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पाल, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद कपिल अहिरवार, रघुवीर ठाकुर, हीरालाल गौर संस्था के संचालक संजय बिदुआ, छात्र-छात्राएं शिक्षक और अन्य लोग मौजूद थे.

## अर्धवार्षिक मूल्यांकन अब 8 दिसंबर से

**रायसेन, 22 नवंबर.** प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है. अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 के मध्य होगा.



# कृष्ण लीलाएं धैर्य और सदाचार की शिक्षा देती हैं : पं. शास्त्री

- विजयासन माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

**सिलवानी, 22 नवंबर. मां विजयासन माता मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ. कथा वाचक पंडित अभिषेक शास्त्री ने अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली में श्रीमद् भागवत महापुराण के विविध दिव्य प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति, ज्ञान और अध्यात्म की गहराइयों से अवगत कराया.**

पंडित शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म, महार्षि शुकदेव के आगमन, तथा सृष्टि प्रकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया. उन्होंने समझाया कि श्रीमद् भागवत केवल कथा मात्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला अद्वितीय ग्रंथ है. इसके माध्यम से मानव जीवन में सत्य, प्रेम, नैतिकता और आत्मिक शांति का मार्ग प्राप्त होता है. कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं युवा लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण केवल लीला पुरुषोत्तम ही नहीं, बल्कि जीवन के हर चरण के आदर्श भी हैं. उनकी लीलाएँ हमें करुणा, धैर्य, सदाचार और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों की शिक्षा देती हैं.

कथा स्थल पर भजन, कीर्तन और ध्यान के दौरान पूरे वातावरण में अध्यात्म की सुगंध फैल गई. श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे और समय-समय पर 'हरे कृष्ण-हरे राम' के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा. कार्यक्रम में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. आयोजन समिति ने बताया कि कथा का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, प्रेम एवं सद्भाव का संदेश फैलाना है, ताकि लोग आध्यात्मिकता के माध्यम से अपने जीवन को और अधिक सार्थक बना सकें.

# 75 फीसदी रकबे में लहलहा रही गेहूं की फसल

- पहली सिंचाई-यूरिया का अहम दौर शुरू
- कृषि विभाग ने दी संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह



**सिलवानी, 22 नवंबर. क्षेत्र में इस बार रबी सीजन रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ रहा है. लगभग 55 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में बुवाई पूरी हो चुकी है. हमेशा की तरह इस बार भी 75 प्रतिशत रकबे में गेहूं की फसल लहलहा रही है.**

इसके साथ ही चना, मसूर, मटर, सरसों, आलू, प्याज और लहसुन जैसी फसलों की भी बड़े पैमाने पर बुवाई हुई है.

शुरुआती अनियमित बारिश के बावजूद फसल स्थिति बेहतर मानी जा रही है और कृषि विभाग को इस वर्ष कुल उत्पादन में इजाफे की उम्मीद है. गेहूं की बुवाई पूर्ण होते ही किसानों ने पहली सिंचाई और यूरिया देने का काम तेज कर दिया है. कई इलाकों में सुबह से रात तक मोटर पंपों की आवाज गूंज रही है. जल्दी बोई गई फसलों में पौधे अब दो से तीन पत्ती अवस्था तक पहुंच चुके हैं, जहां नमी और शुरुआती खुराक सबसे अहम मानी जाती है.

### विभाग की एडवाइजरी : सूखी मिट्टी में न डालें यूरिया

कृषि विभाग ने किसानों को चेतावनी दी है कि सूखी मिट्टी में यूरिया नहीं डालें, इससे पौधों में जलन, पीलापन और वृद्धि में रुकावट आ सकती है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि पहले सिंचाई करें, फिर नमीयुक्त मिट्टी में ही यूरिया का छिड़काव करें, जिससे उसका प्रभाव अधिक और सुरक्षित होता है.



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी सहित कई कांग्रेस नेताओं का स्वागत

**बाड़ी, 22 नवंबर. प्रदेश के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, भोपाल के विधायक आरिफ मसूद एवं सुखदेव पांसे का भोपाल से नरसिंहपुर प्रवास पर जाते समय बाड़ी के कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया.**

नगर के बब्बाजी के ढाबे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष ठाकुर, ताराचंद साहू, रामाधर शर्मा, भगवानदास चौहान, सुनील शर्मा, मंसूरी समाज के प्रदेश सचिव सलीम मंसूरी, आकाश पचौरी, बबलू भाई, सूर्यांश ठाकुर ने उनका स्वागत किया और उनके साथ बैठकर चर्चा की.

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ठा. होशियार सिंह परिहार, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शेख मजीब, पार्षद प्रतिनिधि अमित साहू, रिजवान मंसूरी, अभिषेक प्रताप, प्रियांशु पटेल, सुमित शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे.

## एक नजर में



### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया स्त्री दिवस

**बाड़ी, 22 नवंबर.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को रानी लक्ष्मी बाई की 197 वी जयंती को स्त्री दिवस के रूप में मनाया गया. इस दौरान नगर में निकाली गई शोभायात्रा कन्या शाला से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में सम्पन्न हुई जगह जगह तिलक एवं आरती उतार कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया. इसके बाद अचीवर्स कॉलेज बाड़ी में सेल्फ डिफेंस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें मध्यभारत प्रांत छात्रा कार्य प्रमुख बबली शर्मा ने कहा हमें अपनी भारतीय संस्कृति को समझने की आवश्यकता है हमें अपनी प्रत्येक भारतीय वीरांगनाओं के जीवन से त्याग, समर्पण, शौर्य साहस, निर्भयता के गुण सीखना चाहिए, विकसित भारत में बहनों की अग्रणी भूमिका हो साथ में जिहादी मानसिकता के लोगों से दूरी बनाते हुए स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना है आयोजन में राजेश कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया.

## पेट्रोल से भरे टैंकर व ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर बड़ा

**सलामतपुर.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात पेट्रोल से भरे एक टैंकर और ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत हो गई. गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया. हालांकि टैंकर पीछे से क्षतिग्रस्त हो गया है. दोनों वाहन चालकों ने आपसी समझौते से मामले को सुलझा लिया. जानकारी अनुसार पेट्रोल से भरा टैंकर एमपी09 जेडएक्स 1755 भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर जा रहा था. रेलवे ओवरब्रिज पर पीछे से एक ट्रैक्टर ट्राली टैंकर में घुस गई. दुर्घटना के बाद ब्रिज पर जाम के हालात बनने लगे थे. पुलिस के पहुंचने के बाद यातयात सुचारू रूप से शुरू हुआ.

**आयोजन** | इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज़ का रजत जयंती सम्मेलन आज से

# सांची में 150 विद्वान बौद्ध दर्शन पर विचार करेंगे साझा

**सलामतपुर, 22 नवंबर. सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में आज यानी 23 नवंबर, 2025 से तीन दिवसीय इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज ( ISBS ) का रजत जयंती सम्मेलन आरंभ हो रहा है. सम्मेलन में वियतनाम, म्यांमार और श्रीलंका के अलावा देश-विदेश के 150 से अधिक बौद्ध विद्वान पहुंचे हैं जो बौद्ध दर्शन, संस्कृति और इतिहास पर अपने विचार साझा करेंगे.**



इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज की स्थापना सन 2000 में बौद्ध धर्म-दर्शन-संस्कृति और पुरातत्व से जुड़े विद्वानों को एक संयुक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी. जिसका लक्ष्य था कि विभिन्न विधाओं में काम करने वाले विद्वान मिलें, साथ बैठें, अपने शोध को साझा करें और एक दूसरे से सीखें. इसी कड़ी में अपने रजत जयंती वर्ष में संस्था का वार्षिक सम्मेलन सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में हो रहा है. उद्घाटन व समापन सत्र के अतिरिक्त चार समानांतर सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बौद्ध दर्शन, इतिहास, साहित्य, और समकालीन बौद्ध विमर्श पर शोध प्रस्तुत किए जाएंगे. बौद्ध विरासत कला एवं पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश में शोध कार्य की अपार संभावनाएं हैं. जिसको ध्यान में रखते हुए बौद्ध कला एवं स्थापत्य पर विशेष सत्र रखा गया है जिसमें इन पक्षों पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा. सम्मेलन में बौद्ध एवं भारतीय अध्ययन के विद्वान प्रो. जी.सी. पाण्डे पर भी विशेष सत्र होगा. प्रो पाण्डे के लेखन, कार्यों और दृष्टिकोण पर चर्चा होगी, जिसमें उनकी बेटी और इतिहासविद प्रो सुष्मिता पाण्डे अपने विचार रखेंगी. साँची विवि के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ के बौद्ध एवं सनातन संस्कृति के प्रति अवदानों पर आधारित अभिनंदन ग्रंथ का भी विमोचन करेंगे.

भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों जैसे नव नालंदा महाविहार, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, कोलकाता विश्वविद्यालय, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, सागर विश्वविद्यालय सहित अनेक संस्थानों के प्रोफेसर और शोधार्थी इस सम्मेलन में शामिल होंगे. उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब समेत - कोलकाता, पुणे, नागपुर, चेन्नई, लखनऊ, पटना और बनारस से भी प्रतिनिधि आ रहे हैं.

## सर्दी बढ़ी तो बाजार में सजी गजक की दुकानें

**सिलवानी.** सर्दी के मौसम के साथ ही मूंगफली, गजक, रेवड़ी, और ताजे पिंड खजूर की दुकानों पर भारी भीड़ दिखने लगी है. ये सिर्फ स्वाद का ही नहीं, बल्कि सेहत का भी खजाना मानी जाती हैं. गजक, तिल और गुड़ से बनी यह मिठाई न केवल स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद करती है. वहीं, रेवड़ी के स्वाद से सर्दी के मौसम का मजा दोगुना हो जाता है. इसका कुरकुरापन और गुड़ की मिठास दिल को लुभाती है, और इसे खाते ही सर्दी से राहत मिलती है. उधर, दुकानदारों भी अच्छी ग्राहकी से उत्साहित हैं. बजरंग गजक वालों का कहना है सर्दी के मौसम के साथ ही व्यापार ने भी जोर पकड़ा है. काफी अलग-अलग वैराइटी की गजक खरीदने आ रहे हैं.